भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2813**
**उत्तर देने की तारीख 07 अगस्त, 2023**
सोमवार, 16 श्रावण, 1945 (शक)

**राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस)**

2813. श्री पोचा ब्रह्मानंद रेड्डी: श्री संजय काका पाटील:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 2019 से राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस) के अंतर्गत प्रशिक्षु के रूप में राज्य-वार कितने अभ्यर्थी कार्यरत हैं;

(ख) इस योजना से जुड़े उच्चतर शिक्षण संस्थानों की राज्य-वार सूची क्या है; और

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान लाभार्थियों की संख्या के साथ-साथ लाभार्थियों को वृत्तिका के भुगतान के लिए व्यावसायिक उद्यमों को वितरित धनराशि का ब्योरा क्या है?

**उत्तर**

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री

(श्री राजीव चंद्रशेखर)

(क) भारत सरकार ने प्रतिष्ठानों के वित्तीय बोझ को कम करके देश में शिक्षुता को समर्थन और बढ़ावा देने के लिए अगस्त, 2016 में 'राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन स्कीम' शुरू की। इस स्कीम के तहत, भारत सरकार प्रति शिक्षु प्रति माह वृत्तिका राशि का 25% अधिकतम 1500 रुपए तक प्रदान करती है। वर्ष 2019 से राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन स्कीम (एनएपीएस) के तहत शिक्षु के रूप में संबद्ध उम्मीदवारों की राज्य-वार संख्या **अनुबंध-I** पर है।

(ख) एनएपीएस के अंतर्गत, उच्च शिक्षण संस्थानों सहित सभी प्रकार के संगठनों के लिए डेटा रखा जाता है। उच्च शिक्षण संस्थानों सहित सभी संगठनों की सूची बहुत बड़ा है और यह मंत्रालय की वेबसाइट https://msde.gov.in/en/useful-links/parl-ques/loc-sabha के लिंक पर देखी जा सकती है।

(ग) अपेक्षित जानकारी एकत्र की जा रही है और इसे सदन के पटल पर रख दिया जाएगा।

अनुबंध-I

**01 अप्रैल, 2019 से राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन स्कीम (एनएपीएस) के अंतर्गत शिक्षु के रूप में संबद्ध उम्मीदवारों की राज्य-वार संख्या**

| राज्य का नाम | संबद्ध शिक्षुओं की कुल संख्या |
|---|---|
| महाराष्ट्र | 499793 |
| गुजरात | 263030 |
| तमिलनाडु | 179165 |
| हरियाणा | 170720 |
| कर्नाटक | 147367 |
| उत्तर प्रदेश | 142841 |
| तेलंगाना | 101531 |
| पश्चिम बंगाल | 67147 |
| मध्य प्रदेश | 59084 |
| दिल्ली | 49432 |
| आंध्र प्रदेश | 44347 |
| राजस्थान | 38537 |
| उत्तराखंड | 38051 |
| पंजाब | 36866 |
| केरल | 33123 |
| असम | 31838 |
| ओडिशा | 29173 |
| झारखंड | 26710 |
| हिमाचल प्रदेश | 18203 |
| छत्तीसगढ | 15701 |
| बिहार | 15344 |
| गोवा | 12926 |
| पुदुचेरी | 3561 |
| दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 3252 |
| जम्मू और कश्मीर | 2506 |
| चंडीगढ़ | 2371 |
| त्रिपुरा | 1367 |
| सिक्किम | 875 |
| मेघालय | 468 |
| मणिपुर | 152 |
| नगालैंड | 68 |
| अरुणाचल प्रदेश | 66 |
| अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह | 62 |
| लद्दाख | 57 |
| लक्षद्वीप | 31 |
| मिजोरम | 15 |
| **सकल योग** | **2035780** |

*******